# प्रेस विज्ञप्ति

## सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में "वॉरटेक"

आज दिनांक 31.08.2019 को सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक आईटी फेस्ट का आयोजन किया गया। "वॉरटेक" नामक कार्यक्रम में मेरठ के लगभग 30 विद्यालयों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल राजीव एडवर्ड रहे। निर्णायक मंडल में की भूमिका में डॉ प्रीति पाठक तथा रितु मांगलिक जी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर जनरल राजीव एडवर्ड, डॉ प्रीति पाठक, रितु मांगलिक जी तथा प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम ईश वंदना तथा स्वागत गीत का गायन किया गया तथा ईश वंदना पर छात्रों ने नृत्य प्रस्तुत किया। स्वागत नृत्य "कंधों से मिलते हैं कंधे" नामक गीत पर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चार चरणों में किया गया। सर्वप्रथम प्रतिभागियों ने लिखित परीक्षा दी। सिंपोजियम में सूचना प्रौद्योगिकी एवं सामाजिक विषयों पर प्रश्न पूछे गए प्रतिभागियों ने त्वरित विषय पर अपने विचार व्यक्त कर अपने ज्ञान का परिचय दिया, जिसमें फेसएप, क्या तकनीक हमें अकेला बना रही है, भारत में महंगे और विशाल शादी समारोह, राजनीति एवं धर्म जैसे मुद्दों पर विद्यालयों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बीएनजी, सोफिया, सी जे डी ए वी, सेंट थॉमस, आर्मी पब्लिक स्कूल, मेरठ पब्लिक स्कूल, ऑल सेंट्स, सेंट मैरिज, दीवान, केएल इंटरनेशनल, बीडीएस, द आर्यन, डीएमए, आदि मेरठ के प्रतिष्ठित विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी विद्यालयों को अलग अलग नाम प्रदान किए गए जिनमें से एलेटा, कार्टेना, डिसेप्टिकॉन्स, मेगाड्रोन, अल्फा, जारविस, टाइटन, ओमेगा, बंबलबी, निम्न है। तीसरे चरण में बोर्ड पर दिखाए गए वीडियो से संबंधित प्रश्न पूछे गए। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने खूब बढ़ चढ़कर उत्तर दिए। इस कार्यक्रम में सभी विद्यालय के प्रतिभागियों ने आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता पर अपने ज्ञान

का पूर्ण परिचय दिया और यह आभास कराया कि देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर जनरल राजीव एडवर्ड ने बच्चों के प्रदर्शन की बहुत प्रशंसा की तथा कहां की टेक्नॉलॉजी आज जीवन की प्रथम आवश्यकता है । विद्यार्थियों को सदैव अपडेट रहना चाहिए । निर्णायक मंडल में डॉ प्रीति पाठक तथा रितु मांगलिक ने कार्यक्रम तथा विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की । श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी ने सभी अतिथियों, जजों तथा विभिन्न विद्यालयों के आए छात्रों एवं शिक्षकों का स्वागत तथा धन्यवाद किया तथा बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है । कार्यक्रम में सिद्धि, ग्रेस, नितिन, रितिक, आयुष, सिंघल शिवम, इत्यादि बच्चों का उत्कर्ष प्रदर्शन रहा । सर बी एस रावत, मोनिका शर्मा, सर रमेश, आदि का सहयोग रहा । यश, वंश, कार्तिक, आरजू, लक्ष्य, खुशी आदि बच्चों ने उत्तम प्रदर्शन दिया । कार्यक्रम में सेंट मैरी एकेडमी और दीवान पब्लिक स्कूल को विशेष पुरस्कार प्राप्त किया । कार्यक्रम में सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम, के एल इंटरनेशनल स्कूल में द्वितीय एवं मेरठ पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

-सिद्धि बंसल

स्कूल रिपोर्टर